निदेशालय : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन
परिसर : राजकीय आईटीआई अलीगंज

लखनऊ, दिनांक 26 अक्टूबर, 2023

प्रबन्धक,
आईटी प्रकोष्ठ,
उ.प्र. कौशल विकास मिशन।

विषयः– उ.प्र. कौशल विकास मिशन में रिक्त पदों पर भर्ती किये जाने हेतु पोर्टल पर विज्ञापन व आवेदन प्रारूप अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (एस0पी0एम0यू0) में संयुक्त निदेशक का 01 पद वेतनमान 15600–39100 (ग्रेड पे–7600), सहायक निदेशक के 05 पद वेतनमान 15600–39100 (ग्रेड पे–5400), सहायक प्रबन्धक/एकाउण्टेंट के 02 पद वेतनमान 9300–34800 (ग्रेड पे–4200) में प्रतिनियुक्ति/सेवानिवृत्त के अन्तर्गत सृजित हैं जोकि वर्तमान में रिक्त हैं।

उक्त रिक्त पदों के सापेक्ष आवेदन पत्र व विज्ञापन **(संलग्न)** उ.प्र. कौशल विकास मिशन की वेबसाइट www.upsdm.gov.in के Career Section पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– यथोपरि।

भवदीय,

(मयंक गंगवार)
उप निदेशक

कार्यालय : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आईटीआई परिसर, अलीगंज, लखनऊ-226024

टोल फ्री नं- (0522) 4007410, 4010795, 4011685, 4016278

विज्ञप्ति संख्याः 2635/कौ.वि.मि./2022-23/प्रति/320 (Vol-I) दिनांकः 25 अक्टूबर, 2023

विज्ञप्ति/सूचना

उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति/सेवानिवृत्ति के आधार पर समान वेतनमान व ग्रेड वेतन में कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सीमित अवधि हेतु सेवायें प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का विवरण, पदों की संख्या, उनका वेतनमान तथा वांछित अर्हताओं का विवरण निम्नवत् हैः-

क्र. सं.	पदनाम	पदों की संख्या	वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन (रू0 में)	वांछित योग्यता व अर्हता
1	संयुक्त निदेशक	01	15600-39100/- ग्रेड पे- 7600	केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सरकारी संस्था/सरकारी संस्थान/सरकारी निगम/बोर्ड इत्यादि के समान कार्यानुभव रखने वाले अधिकारियों को वरीयता।
2	सहायक निदेशक	05	15600-39100/- ग्रेड पे- 5400	केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सरकारी संस्था/सरकारी संस्थान/सरकारी निगम/बोर्ड इत्यादि के समान कार्यानुभव रखने वाले अधिकारियों को वरीयता।
3	सहायक प्रबन्धक/ एकाउन्टेंट	02	9300-34800/- ग्रेड पे- 4200	केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सरकारी संस्था/सरकारी संस्थान/सरकारी निगम/बोर्ड इत्यादि के कम्प्यूटर, हिन्दी व अंग्रेजी टाईप का ज्ञान रखने वाले तथा समान कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता।
आवेदन हेतु अन्तिम तिथि व समय			दिनांक 10.11.2023 समय 04:00 बजे तक	
आवेदन करने के लिए आयु			प्रतिनियुक्ति हेतु अधिकतम आयु 55 वर्ष	
आवेदन करने का माध्यम			आवेदन ई-मेल (अनिवार्य रूप से)/ डाक के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। ई-मेल आईडी- director.upsdm@gmail.com	
चयन की प्रक्रिया/ माध्यम			अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।	

प्रतिनियुक्ति पर योगदान करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को वही वेतनमान अनुमन्य होगा जिसे वे अपने पैतृक विभाग/संस्था में प्राप्त कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में वित्त विभाग, उ.प्र. शासन द्वारा निर्धारित मानक सेवा शर्तें भी प्रभावी होंगी। सेवानिवृत्त कर्मियों को उक्त पद के सापेक्ष अनुमन्य वेतन के आधार पर अन्तिम वेतन माइनस पेंशन के सिद्धान्त पर धनराशि देय होगी। सारणी में अंकित आवेदन की अन्तिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्तानुसार इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के साथ आवश्यक अभिलेख (सेवानिवृत्त की दशा में पेंशन प्रपत्र) संलग्न कर उपरोक्त ई-मेल/पते पर जमा/प्रेषित कर सकते है। विज्ञप्ति तथा आवेदन हेतु प्रारूप उ.प्र. कौशल विकास की वेबसाइट- www.upsdm.gov.in पर careers सेक्शन से डाउनलोड किया जा सकता है। मिशन निदेशक, उ.प्र. कौशल विकास मिशन को एक अथवा समस्त आवेदन पत्रों को निरस्त/अस्वीकृत करने का अधिकार रहेगा। इस सम्बन्ध में पूर्व में प्रचलित विज्ञप्ति निरस्त की जाती हैं।

मिशन निदेशक
उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

कार्यालय : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन
राजकीय आईटीआई परिसर, अलीगंज, लखनऊ-226024

आवेदन प्रारूप

.... पद हेतु आवेदन पत्र

स्वप्रमाणित फोटो

1. नाम- ....
2. जन्मतिथि- ....
3. पिता का नाम- ....
4. धारित पद- ....
5. प्रतिनियुक्ति/सेवानिवृत्त- ....
6. सेवानिवृत्त की तिथि- ....
7. मूल विभाग- ....
8. वर्तमान विभाग- ....
9. शैक्षित अर्हता- ....
10. मूल पद व मूल वेतनमान- ....
11. वर्तमान धारित पद- ....
12. वर्तमान में अनुमन्य वेतनमान व वर्तमान ग्रेड पे- ....
13. अनुभव (वर्ष)- ....
14. विगत 10 वर्षों में निर्वहन किये गये उत्तरदायित्वों का विवरण-

क्र.सं.	पदनाम	विभाग का नाम	उत्तरदायित्वों का विवरण

15. स्थाई निवास पता- ....
....
16. पत्राचार हेतु पता- ....
....
17. मोबाइल न. व ई-मेल ....

आवेदन की तिथि- ....

ह. आवदेनकर्ता

....